
JGi
THE JAIN INTERNATIONAL SCHOOL
(Affiliated to CBSE, New Delhi, No. 3330064)
A Division of The Jain Group of Institutions, Bangalore
Academic Year 2023-24
Class 10th Toppers Congratulations!
DIST. TOPPER
PRANSHU AGRAWAL 99%
AARYAV TIWARI 98%
SAMIKSHA MAJHI 95.4%
ABHISHEK GHOSLE 94.2%
TANISHQ LALWANI 93.8%
TAANI JAIN 93.6%
SRIJAN PANDEY 93.4%
PRIYAL TIWARI 93.2%
SRISHTI LALWANI 92.6%
VIJAY KUMAR MARKAM 92.2%
DEWANSH AGRAWAL 91.8%
KRISHNA KANT TANDON 91.2%
AMAR AGRAWAL 91%
ARPAN PODDAR 91%
NALINI BHARTI 90.8%
ABHYUDAY TIWARI 90.8%
TANMAYA SAHOO
Class 10th
STATE TOPPER
99.2%
Class 12th Toppers
MEDHAVI JAIN 94.8%
NAILAH US SAHR 94.8%
DIYA BAID 94.4%
RAYON SINGH 92.6%
RISHITA SHRIVASTAVA 91.8%
Admissions Open
For Classes Nursery to XII
ABHIMANYU AGRAWAL
Class 12th
DIST. TOPPER
97.2%
SHRISHTI SONI 91.4%
AARTI SAHU 91%
HARSH SINGH 90.8%
ARSHIA MAKKAD 90.4%
AdPRAYAS
FULLY AIR CONDITIONED
CLASS ROOMS & SEPARATE HOSTELS
(FOR BOYS & GIRLS)
Enroll Your Child & Grab
Up to 100% SCHOLARSHIP
Class 10th
Highest 99.2%
First Division 91.46%
Second Division 8.54%
Class 12th
Highest 97.2%
First Division 92.59%
Second Division 7.41%
Integrated coaching classes for
*SCIENCE,
*COMMERCE &
*HUMANITIES
07752 - 283281-85
9584461668, 9584461666
School Campus:
Mungeli Road, PO Sakri,
Bilaspur (CG)- 495 003
info@tjisedu.in
www.tjisedu.in



# किंग में दिखेगा शाहरुख खान का धाकड़ अवतार

**मुंबई।** शाहरुख खान अपनी अपकमिंग फिल्म 'किंग' की तैयारी कर रहे हैं। ये फिल्म जल्द ही रिलीज होने वाली है। इससे पहले ही इसकी कथित तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाईं हुई हैं। शाहरुख खान इन तस्वीरों में लंबी दाढ़ी के साथ खतरनाक नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही बड़े बालों वाले शाहरुख खान ने काला चश्मा पहना हुआ है। इस लुक को देखकर फैन्स भी एक्शन की उम्मीद कर रहे हैं। शाहरुख खान ने इसस पहले पठान और जवान में भी दमदार एक्शन दिखाया था। अब 1 बार फिर से शाहरुख खान पर्दे पर दमदार मार-धाड़ के साथ पेश होने वाले हैं।

लाइफ Style



# मन्नारा पहली बारिश एंजॉय करती दिखीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बिग बॉस 17 फेम मन्नारा चोपड़ा शो के खत्म होने के बाद भी दर्शकों के बीच काफी चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने प्रशंसकों के साथ अपनी रील्स वीडियो भी साझा करती रहती हैं।

बिग बॉस 17 फेम मन्नारा चोपड़ा शो के खत्म होने के बाद भी दर्शकों के बीच काफी चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने प्रशंसकों के साथ अपनी रील्स वीडियो भी साझा करती रहती हैं। अब हाल ही में, मन्नारा को आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है। दरअसल, मन्नारा ने मुंबई की पहली बारिश का एक वीडियो अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर साझा किया, जिसके बाद लोगों ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया है। नेटीजंस ने उनके पोस्ट को वाहियात बताया और कहा कि जब वह वीडियो शूट करने में व्यस्त थीं तो तूफान के कारण लोगों की जान चली गई। एक यूजर ने कमेंट कर लिखा, 'जब शहर में लोग मर रहे हों तो नाचने का समय नहीं है,' जबकि दूसरे ने लिखा, 'इनको एहसास ही नहीं वह कितने के घर बिखर गए हैं'। एक और यूजर ने अफसोस जताया, 'लोग घायल हो रहे हैं और समस्याओं का सामना कर रहे हैं और यहां क्या हो रहा है...'। बता दें कि मुंबई के घाटकोपर उपनगर में एक विशाल होर्डिंग गिरने से 14 लोगों की जान चली गई, जिसमें 80 से अधिक लोग फंस गए और उसके नीचे दसियों कारें और अन्य वाहन नष्ट हो गए।

## हॉलीवुड मसाला



# 'ड्यून प्रोफेसी' में दिखाएंगी जलवा

**लॉस एंजिलिस।** क्रू के बाद तब्बू एक बड़े प्रोजेक्ट में नजर आने वाली हैं। देश में अपनी अदाकारी का जादू चलाने वाली अभिनेत्री अब विदेश में अपने अभिनय का जलवा जल्द बिखेरती नजर आने वाली हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अभिनेत्री टीवी सीरीज ड्यूनः प्रोफेसी में एक अहम किरदार में दिखेंगी। यह टीवी सीरीज मूल रूप से 2019 में 'ड्यूनः द सिस्टरहुड' शीर्षक के तहत शुरू की गई थी। यह ब्रायन हर्बर्ट और केविन जे एंडरसन के उपन्यास 'सिस्टरहुड ऑफ ड्यून' से प्रेरित है।



# कान में दिखेगी तब्बू-अजय की फिल्म की झलक...

**लॉस एंजिलिस।** प्रतिष्ठित कान फिल्म फेस्टिवल आज 14 मई से शुरू हो गए हैं। यहां भारतीय फिल्में और फिल्म निर्माता देश की प्रतिभाओं से रूबरू कराएंगे। कान फेस्टिवल का 77वां संस्करण 25 मई तक चलेगा। इसमें तब्बू और अजय देवगन की आगामी फिल्म 'औरों में कहां दम था' की झलक दिखाई जाएगी। कान के भारत पवेलियन में फिल्म की झलक देखने को मिलेगी। अजय देवगन और तब्बू की रोमांटिक म्यूजिकल थ्रिलर फिल्म की स्नीक पीक कान में 17 मई को विशेष रूप से दिखाई जाएगी। इस फिल्म का निर्देशन नीरज पांडे ने किया है। वहीं, इसका इसका संगीत ऑस्कर विजेता कंपोजर एम एम कीरवानी ने कंपोज किया है। यह फिल्म 5 जुलाई 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# दीपिका ने मेहनत से पलट दी कायनात

**मुंबई।** टीवी स्टार दीपिका सिंह आज किसी पहचान की मोहताज नहीं है। दीपिका सिंह ने टीवी के कई सीरियल्स के किरदारों में जान फूंक कर शोहरत का ये खास मुकाम हासिल किया है। उन्होंने यहां तक पहुंचने के लिए खूब मेहनत की है। बचपन में गरीबी की जिल्लत झेली और अपनी मेहनत के दम पर बॉलीवुड में अपनी जगह बनाई। आज दीपिका सिंह टीवी की दुनिया की स्टार बन गईं है। दीपिका सिंह ने बीते दिनों मुंबई में स्ट्रगलिंग दिनों की कहानी भी सुनाई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि एक बार उनकी ही दोस्त ने उन्हें आधी रात घर से बाहर निकाल दिया था। उन्होंने बताया था बचपन में पैसों की कमी के चलते काफी बुरे अनुभवों को झेला है। उनके पिता का बिजनेस काफी घाटे में चला गया था। इसके चलते अचानक पूरा परिवार आर्थिक तंगी से जूझने लगा।



# अक्षय-आलिया को लेकर बनाएंगे फिल्म

**मुंबई।** डायरेक्टर प्रियदर्शन क्लासिक कॉमेडी फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने दे दना दन, हंगामा, हलचल, गरम मसाला जैसी फिल्मों का डायरेक्शन किया है। अब ताजा खबरों की माने तो डायरेक्टर एक बार फिर अक्षय कुमार को लेकर एक जबरदस्त एंटरटेनर फिल्म बना रहा हैं। खास बात ये है कि इस फिल्म के लिए आलिया भट्ट, कियारा अडवानी और कीर्ति सुरेश जैसी एक्ट्रेसेज के नाम सामने आए हैं। इस फिल्म को लेकर अभी डायरेक्टर इन चारों एक्टर्स के नाम पर चर्चा कर रहे हैं। बातचीत जारी है लेकिन कुछ भी कन्फर्म नहीं। प्रियदर्शन अपनी आने वाली फिल्म के लिए अक्षय कुमार के साथ इंडस्ट्री की बड़ी हीरोइन को एक साथ लाने का सपना देख रहे हैं। इस लिस्ट में आलिया भट्ट, कियारा अडवानी और कीर्ति सुरेश का नाम शामिल हैं।

## टीवी मसाला



# चिलचिलाती गर्मी में बेटियों संग पूल में उतरीं देबिना बनर्जी...

**नई दिल्ली।** टीवी की सीता माता देबिना बनर्जी अपनी दोनों बेटियों के साथ खूब मस्ती करती हैं। वो अक्सर उनके साथ फोटोज शेयर करके इंटरनेट पर लोगों का दिल जीत लेती हैं। एक बार फिर से देबिना ने गर्मी में पूल में मस्ती की है और बेटियों के साथ इसे और भी एक्साइटिंग बनाया है। टेलीविजन इंडस्ट्री में सबसे अधिक पसंद की जाने वाली एक्ट्रेसेस में देबिना बनर्जी हैं। देबिना ने 'रामायण' में अपने को-एक्टर रहे गुरमीत चौधरी से शादी की है। बीते सालों में, इस जोड़ी ने कई कपल्स गोल्स दिए हैं। इनकी दो बेटियां हैं, जिनके साथ अक्सर देबिना मस्ती करती दिखती हैं। हाल ही में उन्होंने बेटियों के साथ पूल पार्टी भी की। जहां देबिना अपने पति और बेटियों के साथ बेहद खुश हैं, वहीं वह अपनी छोटी बच्चियों के साथ भी अच्छा समय बिता रही हैं। क्योंकि वे बड़ी हो रही हैं। वे बहुत प्यारी दिखती हैं और गर्मी को देखते हुए देबिना ने पूल के अंदर गोता लगाकर अपने बच्चों के साथ मस्ती की है। पूल के पानी के अंदर खेलते हुए दोनों खुश दिख रही हैं और उनकी तस्वीरें बहुत प्यारी हैं।

# आसमान छूना चाहते हैं 'बालवीर' फेम देव जोशी

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया का जाना पहचान चेहरा हैं देव जोशी। बच्चों के चहेते बालवीर यानी देव जोशी का चांद पर जाने का सपना भी अब जल्द ही पूरा होने जा रहा है। अब देव जोशी फिल्मों में नहीं, बल्कि असल में चांद की सैर करने वाले हैं। इसके लिए वह खास ट्रेनिंग भी लेने वाले हैं। बीते साल खदु देव जोशी ने इसकी जानकारी अपने सोशल मीडिया पर दी थी। देव जोशी को जापान के यासुका मीजावा ने डियर मून मिशन के लिए चुना गया है। हफ्ते की इस ट्रिप के दौरान पूरे 10 लोग चांद की सैर करेंगे। देव ने बताया था कि वह अपने पायलट ट्रेनिंग शुरू करने के लिए काफी एक्साइटेड हैं और वह इसका बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



# बॉलीवुड से 100 गुना बेहतर हैं कोरियाई फिल्में : नसीरुद्दीन



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता नसीरुद्दीन शाह भारतीय सिनेमा में एक महान शख्सियत हैं। पिछले चार दशकों में, उन्होंने फिल्म, थिएटर और टेलीविजन पर अपने प्रतिष्ठित प्रदर्शन से छाप छोड़ी है। नसीरुद्दीन शाह शानदार अभिनय से साथ अपने बेबाक अंदाज के लिए भी जाने जाते हैं। कई बार उनकी कही बातों पर विवाद भी खड़ा हो जाता है। हाल ही में उन्होंने हिंदी सिनेमा में बन रही फिल्मों पर खुलकर बात की। नसीरुद्दीन शाह का कहना है कि कोरियाई फिल्में बॉलीवुड की फिल्मों से 100 गुना बेहतर हैं। हम दुनिया में ढिंढोरा पीट रहे हैं कि हमारी फिल्में सर्वश्रेष्ठ हैं। मैं यह नहीं कहूंगा कि मुझे बॉलीवुड की प्रेम कहानियां पसंद हैं। उन्होंने आगे कहा, 'हॉलीवुड ही हमारा एकमात्र संदर्भ बिंदु है। जैसे भारतीय खाना खाया जाता है, हमारी फिल्में भी उसी तरह देखी जाती हैं। हालांकि, भारतीय खाने में कम से कम कुछ स्वाद तो है। हिंदी बुलबुला एक दिन फूट जाएगा और मुझे अभी से इसके बारे में यकीन है। क्योंकि हिंदी फिल्मों में अब सार की कमी है, उन्हें नए पैंतरे अपनाने की जरूरत है। नसीरुद्दीन अपने बयान को लेकर बुरी तरह फंस गए हैं। अभिनेता की सोशल मीडिया पर काफी ट्रोलिंग हो रही है। एक यूजर ने लिखा, 'आपको कोरिया में ही बस जाना चाहिए।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'यह वही लोग हैं, जो देश में रहकर ही यहां की बुराई करते हैं।' एक और यूजर ने लिखा, 'आप भी अब से कोरियाई फिल्मों में ही काम किया कीजिए।' नसीरुद्दीन शाह ने अपनी बेजोड़ प्रतिभा और काम से दर्शकों का मन मोह लिया। उन्हें आखिरी बार आसमान भारद्वाज द्वारा निर्देशित 'कुट्टी' में देखा गया था। फिल्म में तब्बू, अर्जुन कपूर, राधिका मदान, कोंकणा सेन शर्मा और कुमुद मिश्रा भी अहम भूमिकाओं में थे।

# वो बॉलीवुड एक्टर जिसके हुनर के आगे सब थे नतमस्तक!



**मुंबई।** 80 के दशक में बॉलीवुड पर सदाशिव अमरापुरकर का राज चलता था। बिना इनके निगेटिव रोल्स के फिल्म अधूरी मानी जाती थीं। फिर चाहे वो 'सड़क' में महारानी बनकर लोगों की रूह कंपा देना हो या फिर 'अर्ध सत्य' में रामा शेट्टी के किरदार में जान फूंक देना हो। 'सड़क' में तो सदाशिव ने ऐसी दमदार एक्टिंग की थी कि फिल्मफेयर को अलग से निगेटिव रोल कैटेगरी का ऐलान करना पड़ा और पहला अवॉर्ड सदाशिव को मिला था। साल 1948 में आज ही के दिन पैदा होने वाले सदाशिव के फिल्मों में निभाए किरदार अमिट हैं। उनकी यादें अमिट हैं। विलेन बनने के बाद वो कॉमिक रोल्स और सपोर्टिंग रोल्स में भी नजर आए, लेकिन उनकी आत्मा 'थिएटर' में बसती थी। उन्होंने खुद कहा था कि थिएटर उनकी सांसें हैं। और जब एक्टिंग से दूर होते थे तो समाज की भलाई में खुद को सौंप देते थे। एक बार उनके साथ लोगों ने बहुत बुरा बर्ताव किया था। सदाशिव लोगों की अच्छाई चाहते थे, लेकिन होली के हुड़दंगियों के सिर पर ऐसी खुमारी सवार थी कि उन्होंने एक्टर की पिटाई कर दी थी। बहुत ही शर्मनाक। पर सदाशिव ने इस घटना को दिल से नहीं लगाया और तमाम एनजीओ के जरिए जरूरतमंदों के लिए मदद का हाथ आगे बढ़ाते रहे। ऐसे ही थे सदाशिव अमरापुरकर।

सदाशिव अमरापुरकर का जन्म 11 मई 1948 को बॉम्बे (अब मुंबई) में हुआ था। उनका असली नाम गणेश कुमार नारवोडे भी बताया जाता है। 1983 से 2013 तक 300 से ज्यादा फिल्मों में काम करने वाले सदाशिव को 1991 में 'सड़क' फिल्म की महारानी बनकर पहचान मिली। उन्हें अपने करियर का पहला फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला और फिल्मफेयर ने पहली बार निगेटिव रोल कैटेगरी के लिए अवॉर्ड दिया था।

## तवायफों पर आधारित फिल्में और सीरीज

# इन अभिनेत्रियों ने निभाया था वेश्या का किरदार

*मुंबई। बॉलीवुड में हर तरह की फिल्में बनती आई हैं, जिनमें तवायफों पर आधारित फिल्मों ने एक खास जगह लोगों के दिलों में बना रखी है। पाकीजा, उमराव जान, देवदास, गंगूबाई काठियावाड़ी और अब हीरामंडी भी तवायफों पर आधारित है। 1 मई को ओटीटी पर रिलीज हुई वेब सीरीज 'हीरामंडी द डॉयमंड बाजार' में मनीषा कोइराला, अदीति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, शर्मीन सहगल और सोनाक्षी सिन्हा ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म पूरी तरह से तफायफों की जिंदगी पर आधारित है। इस फिल्म में मनीषा कोइराला ने मल्लिकाजान का किरदार निभाया है, जो सभी तफायफों की हैड होती हैं। इसके अलावा अदीति राव हैदरी ने मल्लिकाजान की बेटी बिब्बोजान का किरदार निभाया है। संजीदा शेख ने मल्लिकाजान की छोटी बहन फहीदा की भूमिका निभाई है। ऋचा ने लज्जो, शर्मिन सहगल ने आलमजेब का किरदार निभाया है। सोनाक्षी सिन्हा ने इस सीरीज में दो किरदार निभाए हैं। सोनाक्षी ने रेहाना आपा और फरदीन का किरदार निभाया है।*



### गंगूबाई काठियावाड़ी

भंसाली की फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' तवायफों पर आधारित है। इस फिल्म में आलिया ने गंगूबाई का की तवायफ का किरदार निभाया था। आलिया भट्ट अभिनीत 'गंगूबाई काठियावाड़ी' गंगा की सच्ची कहानी पर आधारित है, जो नादानी में एक फिल्म स्टार बनने के लिए घर से भागती है, लेकिन वेश्यावृत्ति में मजबूर हो जाती है। वह वेश्यालयों में श्रम अधिकारों की शुरुआत करती है, और वेश्याओं को सप्ताह में एक बार छुट्टी देने की वकालत करती है। गंगूबाई आगे चलकर उस वेश्यालय की मालकिन और माफिया रानी बन जाती है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉक बस्टर साबित हुई थी।



### पाकीजा

फिल्म 'पाकीजा' में मीना कुमारी ने एक तवायफ की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में मीना कुमारी ने एक वैश्या साहिबजान का किरदार निभाया है।

### उमराव जान



1981 में रिलीज हुई फिल्म 'उमराव जान' में रेखा ने एक तवायफ का किरदार निभाया था। इस फिल्म का निर्देशन मुजफ्फर अली ने किया था। इस फिल्म को मिर्जा हादी रुस्वा के लिखे गए उपन्यास उमराव जान अदा पर बनाया गया था। बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री रेखा ने इस फिल्म में लखनऊ की एक तवायफ उमराव जान का किरदार निभाया था। जिसका बचपन का नाम आमरीन था लेकिन एक घटना के बाद वह कोठेवाली बनने पर मजबूर हो जाती है।

### देवदास



संजय लीला भंसाली की फिल्म 'देवदास' में माधुरी दीक्षित तवायफ के किरदार में नजर आई थीं। शाहरुख खान और ऐश्वर्या राय और माधुरी दीक्षित की फिल्म देवदास अपनी रिलीज के इतने सालों बाद भी लोगों को पसंद है। देवदास और पारो के बीच की इस प्रेम कहानी में तवायफ चंद्रमुखी का प्यार देखने लायक था। फिल्म में माधुरी दीक्षित ने तवायफ का किरदार निभाया था।

## खबर संक्षेप

### अवैध रेत उत्खनन और कटाई की शिकायत

**बैकुण्ठपुर।** शहर के एक वरिष्ठ नागरिक ने जिले के सोनहत जनपद अंतर्गत देवगढ़ रेंज के तर्रा बीट में रेत माफियाओं द्वारा अवैध तरीके से रेत उत्खनन कर जिले के अलावा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र मप्र तक परिवहन करने की शिकायत की है। वरिष्ठ नागरिक फारुख ढेबर ने बताया कि रसूखदार व भू-माफियाओं के द्वारा तर्रा बीट में साल वृक्षों की अवैध कटाई कर वन भूमि पर अवैध तरीके से कब्जा कर रहे हैं, इस पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इस पर प्रशासन से ठोस कार्रवाई की मांग की गई है।

### विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रम आयोजित हो: अफजल

**मनेन्द्रगढ़।** मुस्लिम राष्टीय मंच युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश



संयोजक अफजल खान दो दिवसीय सरगुजा संभाग के दौरे पर रहे,जहां उन्होंने मुस्लिम राष्टीय मंच युवा प्रकोष्ठ के सरगुजा संभाग संयोजक इरशाद अंसारी के नेतृत्व में मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी, बैकुंठपुर, बलरामपुर, रामानुजगंज, जशपुर एवं अंबिकापुर क्षेत्र का दौरा किया। मंच के कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह फूल माला पहना कर प्रदेश संयोजक का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान अफजल खान द्वारा मुस्लिम राष्टीय मंच युवा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक का आयोजन भी किया गया। उन्होंने बैठक में कार्यकर्ताओं से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्र में मंच का विस्तार कर नवीन कार्यकारणी का गठन कर उन्हें तत्काल सूचित करें। उन्होंने मुस्लिम राष्टीय मंच युवा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं से कह कि वे अपने रूट्स कार्यक्रम के तहत मुस्लिम समुदाय को उनके पूर्वजों के रीति-रिवाजों से जोड़ने के लिए महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित करें। यह आयोजन एक सांस्कृतिक पहल है, जो मुस्लिम समुदाय की विरासत को संजोने और महत्व देने का प्रयास करती है। इसके माध्यम से युवा पीढ़ी को अपने पूर्वजों की संस्कृति, परंपराओं और रीति-रिवाजों का महत्व समझाया जाता है,जिससे समाज में गहरा जुड़ाव बना रहता है।

## निधन

### श्रीमती चंद्रावती देवी



**बैकुण्ठपुर।** शहर के पुराना बस स्टैंड निवासी सूर्यदेव दुबे की धर्मपत्नी एवं विकास दुबे की माता श्रीमती चंद्रावती देवी का निधन 12 मई को हो गया। वे 63 वर्ष की थीं, स्व. चंद्रावती पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं। इनका अंतिम संस्कार 13 मई को स्थानीय गेजनदी मुक्तिधाम में किया गया। जहां परिजन समेत काफी संख्या में शहरवासी मौजूद रहे।

### रेत की पोखरी में रिसे पानी से बुझाई जा रही प्यास

# भीषण गर्मी में डेढ़ महीने से पेयजल समस्या से जूझ रहे रामानुजगंज के लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रेत की पोखरी के भरोसे पिछले डेढ़ महीने से संचालित रामानुजगंज नगर पंचायत की पेयजल व्यवस्था की हालत लगातार बिगड़ते जा रही है। गर्मी बढ़ने के साथ ही अब पोखरी में रेत से रिसने वाले पानी की मात्रा लगातार घटते जा रही है जिसका प्रभाव आपूर्ति पर पड़ रहा है तथा दूरस्थ क्षेत्रों के लोग पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। मार्च महीने के अंत में कन्हर नदी का स्त्रोत सूखने के बाद से ही रामानुजगंज के लोग भीषण जल संकट से जूझ रहे हैं। पेयजल आपूर्ति की कोई दूसरी वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने एवं पानी के लिए पूरी तरह कन्हर नदी पर आश्रित होने के कारण हर साल गर्मी में इस तरह की समस्या निर्मित होती है। नगर पंचायत प्रबंधन हर साल कन्हर नदी के बीच जेसीबी से पोखरी तैयार कर रेत से रिसे पानी से नगरवासियों की प्यास बुझाने की कोशिश करता है। जल संकट की स्थिति को देखते हुए नगर पंचायत ने पहली पोखरी का स्त्रोत सूखने के बाद एक पखवाड़े से अधिक समय से दूसरी पोखरी खोदकर लोगों की प्यास बुझाने की कोशिश कर रहा है लेकिन अब दूसरी पोखरी भी जवाब देने की स्थिति में है। पिछले पांच-छह दिन से हर दिन तेज अंधड़ चलने के कारण पोखरी नदी की रेत से पट गई है वहीं पानी का रिसाव भी कम हो गया है। हालत यह है कि दूरस्थ वार्डों में बमुश्किल 30-40 फीसदी ही पानी पहुंच रहा है जिससे लोगों को भीषण जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। जल स्तर नीचे खिसकने के बाद अब तेजी से हैण्डपंप सूख रहे हैं जिसके कारण दूरस्थ क्षेत्र के लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। नपं प्रबंधन के सामने भी नदी में दूसरी पोखरी खोदने या पोखरी के गहरीकरण के अतिरिक्त कोई दूसरा चारा नहीं बचा है। गर्मी के मौसम में हर साल उत्पन्न हो रहे भीषण जल संकट के निवारण हेतु शासन स्तर पर अब तक कोई कारगर पहल नहीं की गई है।

**खास बात**

- जलस्तर नीचे खिसकने के कारण दिनों दिन विकराल हो रही समस्या



रेत में खोदी गई पोखरी।

#### जेनरेटर की कमी बड़ी समस्या

नगर पंचायत के पास अपना जेनरेटर नहीं होने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित होने के दौरान नगर में पानी की आपूर्ति ठप रहती है। दशकों पुराना नपं का जेनरेटर वर्षों से अनुपयोगी पड़ा है। विद्युत आपूर्ति ठप होने के दौरान नपं किराए के जेनरेटर से पानी की आपूर्ति करता है। कई बार किराए का जेनरेटर उपलब्ध नहीं हो पाता जिसके कारण पानी की आपूर्ति नहीं हो पाती। हर चार-पांच दिनों के अंतराल में ऐसी स्थिति निर्मित होती है कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण पेयजल की सप्लाई नहीं हो पाती तथा लोगों को पानी के लिए तरसना पड़ता है। लम्बे समय तक किराए का जेनरेटर लेने पर नपं को भारी-भरकम राशि किराए पर खर्च करना पड़ेगा इसलिए नपं विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर किराए का जेनरेटर खोजता है जिसके कारण परेशानी और अधिक बढ़ जाती है। विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर नपं टैंकर के माध्यम से पानी की आपूर्ति करता है।

#### वर्षा के बाद ही मिलेगी राहत

अब वर्षा होने के बाद कन्हर नदी की धारा शुरू होने पर ही जल संकट से राहत मिलने की उम्मीद है। 15 जून के बाद ही मानसून की वर्षा होती है। ऐसे में भीषण गर्मी के दौरान एक महीने तक रेत से रिसे पानी के दम पर नगर की पेयजल जरूरतों को पूरा करना किसी चुनौती से कम नहीं है। जिस गति से जलस्तर लगातार नीचे खिसक रहा है कभी भी जल संकट विकराल रूप धारण कर सकता है। हालाकि नपं प्रबंधन हर परिस्थिति से जूझने के लिए स्वयं को तैयार रखने का दावा कर रहा है लेकिन भीषण गर्मी में बड़ी आबादी के लिए पेयजल की व्यवस्था करना इतना आसान भी नहीं है। वर्तमान में नपं पोखरी में रिसे पानी को हर 2-3 घंटे में लिफ्ट करता है जिसके कारण पानी को फिल्टर करने की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाती तथा मटमैले पानी की आपूर्ति होने के कारण नगरवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

#### कराएंगे डबरी का गहरीकरण

पानी की समस्या विकराल बनते जा रही है। अब रेत की डबरी में भी पानी का कम रिसाव हो रहा है। शीघ्र ही डबरी का गहरीकरण कराया जाएगा। शासन से लगातार जेनरेटर की मांग की जा रही है।

**-रमन अग्रवाल**
अध्यक्ष, नपं रामानुजगंज

# ढाबा संचालक व हेल्पर से मारपीट, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

ढाबा के सामने कार खड़ा करने पर ढाबा मालिक के द्वारा मना किया गया तो कार सवार युवकों के द्वारा इसी बात को लेकर अश्लील गाली-गलौज करते हुए ढाबा संचालक एवं उसके हेल्पर के साथ मारपीट की। इसकी शिकायत पीड़ित ने चरचा पुलिस थाने में की जिस पर पुलिस ने तीन आरोपियों के विरूद्ध धारा 294, 506, 323, 336, 34 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। घटना के संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता विपिन कुमार निवासी खरवत चेरवापारा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि वह पंचदीप ढाबा का संचालन करता है घटना दिवस 11 मई की रात्रि में जब अपने ढाबा में काम कर रहे थे, इसी दौरान रात्रि 11.30 बजे विश्वजीत निवासी एमएलए नगर बैकुंठपुर और अनिल राजवाड़े निवासी चेर कार को ढाबा के सामने खड़ा कर दिए, जिसे मेरे द्वारा कार को ढाबा के सामने से हटाने को कहा, तभी माधव ढाबा के मालिक मुकेश सिंह खरवत चेरवापारा ने कहा कि कार को मत हटाओं क्या कर लेगा और विश्वजीत व अनिल को भड़काने लगा, इस पर उक्त दोनों ने शराब के नशे में अश्लील गालियां देते हुए मेरे व हेल्पर कैलाश वैष्णव के साथ मारपीट किए। इस दौरान आरोपी अनिल ने शिकायतकर्ता विपिन कुमार के सिर में पत्थर से वार कर दिया, जिससे की वह गिर गया। बीच बचाव करने पर हेल्पर को रॉड से विश्वजीत सिंह ने वार कर जब हेल्फर को मारने से मना किया तो विश्वजीत ने शिकायतकर्ता को भी रॉड से वार कर दिया। इस घटना में शिकायतकर्ता ढाबा मालिक एवं उसका हेल्पर भी घायल हो गया। इस मामले में शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया।

- कार हटाने को लेकर उपजा विवाद

**कुत्ते को भी नहीं बक्शा**

खरवत चेरवापारा में संचालित पंचदीप ढाबा के सामने ढाबा मालिक विपिन कुमार व उसके हेल्पर के साथ मारपीट की घटना के दौरान शिकायतकर्ता ढाबा मालिक का पालतू कुत्ता भौंक रहा था। इस दौरान आरोपी अनिल राजवाड़े के द्वारा रॉड से कुत्ते को भी मारने का उल्लेख एफआईआर में दर्ज कराई है।

### चोरी की बढ़ती घटनाओं को लेकर एसपी को दिया ज्ञापन

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल आवासीय कालोनियों सहित आसपास के रिहायशी क्षेत्र में पिछले दो महीने में लगातार बढ़ी चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर को ज्ञापन देकर आरोपियों पर ठोस कार्यवाही कराए जाने की मांग की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे को दिए ज्ञापन में महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीप्ति स्वाई ने उल्लेख किया है कि बिश्रामपुर एसईसीएल आवासीय कालोनियों सहित आसपास के पंचायत क्षेत्रों में पिछले दो महीने में करीब 20 से अधिक घरों एवं दुकानों का ताला चोरों द्वारा तोड़ा गया है।

# रेलवे रैक से कोयला चोरी करते चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

भटगांव से करंजी के बीच चलने वाली रेलवे मालगाड़ी से कोयला चोरी कर रहे 4 युवकों को आरपीएफ अंबिकापुर की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 2 टन कोयला जब्त किया गया है। आरपीएफ टीम ने आरोपियों की निशानदेही पर एक ईंट भट्ठे से भी 15 बोरी कोयला बरामद किया गया है। आरोपियों के खिलाफ रेलवे अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

अंबिकापुर आरपीएफ पोस्ट थाना प्रभारी सुनीता मिंज ने बताया कि भटगांव साइडिंग से कोयला लोडकर करंजी से होकर बिश्रामपुर रेलमार्ग से मालगाड़ियों से कोल परिवहन किया जाता है। कोयला परिवहन करने वाली मालगाड़ियों से दिनदहाड़े कोयला चोरी की सूचना लगातार मिल रही थी। चंद रुपए की लालच में लोग रेलवे रैक पर चढ़कर कोयला नीचे फेंकने उपरांत उन्हें इकठ्ठा करके ईंट भट्ठों में बिक्री करते हैं। आरपीएफ पोस्ट थाना प्रभारी सुनीता मिंज ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सोमवार को भटगांव से करंजी के बीच निगरानी की जा रही थी, तभी 4



युवक चलती हुई रेल मालगाड़ी से कोयला उतारते पाए गए। उन्होंने बताया कि रेलवे रैक से कोयला चोरी करते आरोपी शिवमंगल, जगदीश, लक्ष्मन राजवाडे, भारत राजवाड़े को पकड़ा गया है। साथ ही पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर ईंट भट्ठा संचालक पिरोहित राजवाड़े के घर में भी दबिश देकर 15 बोरी रेलवे का कोयला जब्त किया गया। खदानों से मालगाड़ी के माध्यम से कोयला विभिन्न क्षेत्रों के लिए भेजा जाता है। रेलमार्ग में ग्रामीण कोयला लोड रैक पर चढ़कर कोयला उतारकर उसे 200 रुपए प्रति बोरी की दर से बिक्री करते हैं। जिससे रेलवे प्रबंधन को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान होता है। मामले में आरपीएफ पुलिस द्वारा चारों आरोपियों के खिलाफ रेलवे एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की गई है।

### ग्रीष्मकालीन अवकाश में विद्यार्थियों के लिए समर कैम्प

**मनेन्द्रगढ़।** विद्यालयों में 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रभावी है। इस दौरान छात्र-छात्राओं को रचनात्मक गतिविधियों में संलग्न कर उनमें बहुमुखी कौशल का विकास किया जा सकता है। रचनात्मक गतिविधियों में छात्र-छात्राओं के पालक एवं उनके शिक्षकों का मार्गदर्शन उपयोगी हो सकता है। छात्र-छात्राओं में परस्पर रचनात्मक गतिविधियों के आदान-प्रदान के लिए समर कैंप आयोजित किया जाए। समर कैम्प के लिए सुझाव इस प्रकार हैं। छात्र-छात्राओं के लिए समर कैम्प स्कूलों में अथवा गांव अथवा शहर के सामुदायिक स्थानों में आयोजित किया जा सकता है। समर कैम्प में कला क्षेत्र, रचनात्मक क्षेत्र के विशेषज्ञों को आमंत्रित करके उनसे छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन या प्रशिक्षण दिलाया जा सकता है। समर कैम्प में स्कूल के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं के पालकों एवं शाला विकास समिति का भी सहयोग लिया जाए। समर कैम्प में निम्नानुसार रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जा सकती है। यथा चित्रकारी, गायन, वादन, निबंध, कहानी लेखन, हस्तलिपि लेखन, नृत्य, खेलकूद, अपने गांव या शहर का ऐतिहासिक परिचय आदि गतिविधियां। इन गतिविधियों के अलावा आप अपने स्तर पर भी रचनात्मक गतिविधियों का भी चयन कर सकते हैं।

# कलेक्टर ने पेंशन आदेश के साथ दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सेवा अवधि पूर्ण कर लेने वाले कर्मचारियों को पेंशन आदेश एवं शाल-श्रीफल देकर जीवन के अगले पड़ाव के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि सेवानिवृत्ति हर अधिकारी-कर्मचारी के लिए एक सतत प्रक्रिया है। एक दिन सभी को निर्धारित तिथि अनुसार सेवानिवृत्त होना होता है। जिला कोषालय अधिकारी ने बताया कि धन्यवाद पोर्टल के माध्यम से समस्त पेंशनरों को उनके पेंशन प्रकरण की वर्तमान स्थिति से निरंतर अवगत कराया जा रहा है, साथ ही



उक्त पोर्टल के माध्यम से कलेक्टर के निर्देशानुसार पेंशन प्रकरणों की समीक्षा एवं निगरानी की जा रही है। इसके तारतम्य में 15 मई को सेवानिवृत्त कर्मचारियों में शासकीय आरएचएस के प्राचार्य मनोज कुमार राय, शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर के प्राचार्य श्रीमती रूक्माम्बुजासना मिश्रा एवं सुशीला लकड़ा पर्यवेक्षक कार्यालय विकासखंड चिकित्सा अधिकारी पटना शामिल रहे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम, जिला कोषालय अधिकारी पदमाकर सिंह परिहार उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य केन्द्रों पर निःशुल्क जांच-उपचार की सुविधा कल

**बैकुण्ठपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी दी है कि कलेक्टर एवं जिला स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिला एवं विकासखंड के समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में 17 मई को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर उच्च रक्तचाप से संबंधित रोगियों, मधुमेह से संबंधित एवं शंकास्पदों की जांच एवं उपचार किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक इस वर्ष की थीम अपने उच्च रक्तचाप को सही तरीके से मांपे, इसे नियंत्रित करें, अधिक समय तक जीवित रहें पर आधारित है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी दी है कि इस रोग से पीड़ित तथा आम जनता शुक्रवार 17 मई को जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर निःशुल्क जांच एवं उपचार करा सकते हैं।

## पेज 3 का शेष

### आत्मानंद महलपारा ...

गया। इस अवसर पर प्रवेश समिति के सदस्यों, पालकों एवं विद्यालय परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में विद्यालय के सभाकक्ष में निकाला गया, जिसका विद्यालय प्रबंधन द्वारा वीडियोग्राफी भी कराई गई। विद्यालय के प्राचार्य अभय शर्मा ने बताया कि कक्षा पहली में रिक्त 50 सीट के विरूद्ध 164 आवेदन प्राप्त हुए थे,इनमें 158 आवेदन पात्र पाए गए। इसी तरह कक्षा चौथी में रिक्त एक सीट के विरूद्ध निर्धारित तिथि तक कुल 73 आवेदन प्राप्त हुए थे, इनमें से 59 आवेदन पात्र पाए गए। सभी का लॉटरी के माध्यम से प्रवेश के लिए चयन किया गया है, जिसकी सूची जारी कर दी गई है। चयनित विद्यार्थियों के अभिभावकों को एडमिशन कराने की जानकारी दे दी गई है।

### इन्हें किया गया ...

थाना मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत गफ्फार अंसारी पिता मीरदीन अंसारी उम्र 45 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 10 बस स्टैंड के पास मनेन्द्रगढ़ मनेन्द्रगढ़ जिला एमसीबी (छग) को जिला बदर किया गया, जो जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर एवं इसके सीमावर्ती राजस्व जिला कोरिया, कोरबा, पेण्ड्रा-गौरेला-मरवाही, अनूपपुर, शहडोल, सीधी जिलों के क्षेत्र से 23 अप्रैल 2024 से 23 अप्रैल 2025 तक कुल 12 माह के लिए जिला बदर किया गया है। थाना खड़गवां अंतर्गत अनिल कुमार साहू पिता शिवबहोरन, उम्र 30 वर्ष निवासी बरमपुर थाना खड़गवां जिला एमसीबी (छग) को जिला बदर किया गया, जो जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर एवं इसके सीमावर्ती राजस्व जिला कोरिया, कोरबा, पेण्ड्रा-गौरेला-मरवाही, अनूपपुर, शहडोल, सीधी जिलों के क्षेत्र से 23 अप्रैल 2024 से 23 अप्रैल 2025 तक कुल 12 माह के लिए जिला बदर किया गया है।

### आचार संहिता खत्म ...

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में मेरे विधानसभा क्षेत्र से कक्षा 10 वीं में जनकपुर निवासी शिफा बी छात्रा न्यू लाइफ इंग्लिश स्कूल (जनकपुर) को 96.50 प्रतिशत एवं 12 वीं में भरतपुर की अंकिता रजक छात्रा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल (भरतपुर) को 91.20 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त करने पर दोनों से फोन में बात कर अपनी शुभकामनाएं दी।

### शिकायतों के बाद ...

कर पार्किंग के स्थान तय करने चाहिए, तभी शहर में यातायात व्यवस्था सुधर सकेगी। किसी तरह सब्जी मंडी बाजार से हटाई गई, लेकिन अभी भी कई चौराहे पर सड़क में ही फल के ठेले लगे दिखाई देते हैं। सड़कों पर लगी दुकाने व दुकान का सामान सड़क पर फैला कर रखने से हमेशा दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है, बावजूद इसके भी कुछ लोग ऐसे हैं जो सड़क पर दुकान लगाए बिना मानते ही नहीं है, ऐसे में कभी बड़ा हादसा हो सकता है तो फिर उसका जिम्मेदार आखिर कौन होगा। वहीं दूसरी ओर जिला मुख्यालय बनने से मनेन्द्रगढ़ में यातायात का जवाब काफी बड़ा है,इसके बावजूद भी जिले की जिम्मेदार अधिकारियों को लगता है कि शहर की यातायात व्यवस्था से कोई लेना-देना नहीं है। यही वजह है कि यहां जहां मर्जी आती है वहीं अपना वाहन खड़ा कर देते हैं, जिस दुकानदार की मर्जी होती है, पूरी सड़क पर अपनी दुकान लगा लेते हैं और जब कोई विभाग के अधिकारी कार्रवाई करने निकलते भी हैं तो नेताओं के फोन खड़कने शुरू हो जाते हैं, ऐसे में अफसर भी कहां कार्रवाई कर पाए, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि आखिर आमजन को इस अव्यवस्था से निजात कब मिल सकेगी।

आवश्यक सूचना
हरिभूमि
पाठक पुरस्कार योजना
के सम्माननीय विजेताओं से आग्रह है कि अपना उपहार हरिभूमि कार्यालय बैकुण्ठपुर में संपर्क कर प्राप्त कर लेवें।
उपहार प्राप्त करने अपने आधार कार्ड की फोटोकापी मासिक बिल और पावती (ग्राहक प्रति), साथ में लावें।
उपहार प्राप्त करने का समय
सोमवार से शनिवार, सुबह 11 से शाम 5 बजे तक
स्थान: हरिभूमि कार्यालय
पुराना सेंट्रल बैंक के सामने कचहरी रोड
बैकुण्ठपुर मो. 7999269642

online Booking:-www.tripuryatra.com

सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024,
26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

TOP IN KOREA
मन भर के खेती जी भर के ढुलाई
तभी तो होगी साल भर की कमाई
नया स्वराज 733 FE
कीमत ₹511733*

35 HP (CAT) 37 HP (CAT) ₹559995*
लवली मोटर्स
ब्रांच: मनेन्द्रगढ़, जनकपुर, नागपुर
मेन रोड मांडी बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.) 9340669531, 9826361948, 7354498888

हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
सेन्ट जोसेफ अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, रामपुर बैकुण्ठपुर
सेन्ट जोसेफ अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, रामपुर बैकुण्ठपुर दसवी कक्षा सी. बी. एस. सी. बोर्ड सत्र 2023-24 का परिक्षा परिणाम अंग्रेजी माध्यम में छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किये हैं। अपने विद्यालय का एवं साथ ही अपने अभिभावकों और कोरिया जिला का नाम रौशन किये हैं, तथा विद्यालय के प्राचार्य महोदया सि0 जेस्सी कुरियन एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकगण उनके शानदार उपलब्धि से गौरवान्वित हुए। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।
सान्वी जायसवाल- 97.4% जिसमें छात्रा ने गणित एवं सा0 विज्ञान में 100% अंक प्राप्त किया, साथ ही पूरे कोरिया जिले में शीर्ष स्थान हासिल किया है।
सिया सोनी – 94.6%, विवेक कुमार साहू – 93%, श्रेयांस पाण्डेय – 91.8%, राखी यादव – 91.4%, शुभांगी दुबे – 91%, विधी जैन – 90%



मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसिन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)